मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 50, मुंबई, सोमवार, 9 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# 3 चरणों में होंगे निकाय चुनाव

## चुनाव आयोग ने दिए बड़े संकेत

## अक्टूबर में होगा शंखनाद!



**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव का शंखनाद होने की तैयारियां तेज हो गई हैं। निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी। वहीं, दूसरी ओर राज्य चुनाव आयोग अक्टूबर महीने में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है और तीन चरणों में इलेक्शन कराए जाएंगे। पहले चरण में उत्तर और दक्षिण महाराष्ट्र में वोटिंग होगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि निकाय चुनाव के लिए एक चरण में 1 लाख 50 हजार ईवीएम मशीनों की जरूरत होगी। आयोग के पास सिर्फ 65 हजार ईवीएम मशीनें हैं। इसलिए आयोग 3 चरणों में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। निकाय चुनाव का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

# मानसून सत्र का इंतजार




## विशेष सत्र की मांग पर सुप्रिया सुले ने नहीं किए हस्ताक्षर, बताई वजह

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद विपक्ष ने सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संसद का सत्र बुलाने की मांग की है। इस मामले में लिखे गए पत्र में शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से सुप्रिया सुले ने हस्ताक्षर नहीं किया। इस पर सुप्रिया सुले ने जवाब दिया। पहलगाम हमले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग वाले विपक्ष के पत्र पर हस्ताक्षर नहीं कर सकीं, क्योंकि वह विदेश यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# स्वास्थ्य विभाग की बढ़ी चिंता



## महाराष्ट्र बन रहा कोरोना का हॉटस्पॉट

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या में पिछले 2 दिनों से बढ़ोतरी हो रही है और रोजाना मरीजों की संख्या 100 तक पहुंच गई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में 98 नए मरीज मिले हैं। इनमें से मुंबई में 34, पुणे महानगरपालिका में 34, ठाणे महानगरपालिका में 4, वसई विरार महानगरपालिका में 1, कल्याण डोंबिवली में 2, पुणे जिले में 4, पिंपरी चिंचवड़ में 10, सातारा में 1, सांगली में 3 और छत्रपति संभाजी नगर में 1 मरीज दर्ज किया गया है। नवी मुंबई शहर में गुरुवार 5 जून को 4 नए कोरोना मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही नवी मुंबई में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 40 तक पहुंच गई है। 5 जून को आरटी-पीसीआर कराने वालों की संख्या 36 है और अब तक 249 लोगों की जांच की जा चुकी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)


# सोनम निकली बेवफा, चौंकाने वाले खुलासा

## सोनम ने ही करवाई थी पति राजा रघुवंशी की हत्या

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**गाजीपुर।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मेघायल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पत्नी सोनम रघुवंशी अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिराफ्तार किया गया है। सोनम के अलावा तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेघायल पुलिस ने केस को लेकर बड़े खुलासे किए हैं। मेघालय के डीजीपी आई नोंग्रांग ने बताया कि राजा रघुवंशी की हत्या के लिए किलर हायर किए गए थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)





### क्या है पूरा मामला?

राजा रघुवंशी की शादी 11 मई को सोनम रघुवंशी से हुई थी। इसके बाद शादीशुदा हनीमून मनाने के लिए 20 मई को मेघालय गया था। यहां 23 मई को दोनों अचानक गायब हो गए थे। इसके 24 मई को एक टूर गाइड को इनकी स्कूटी लावारिश हालत में मिली और उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इलाके की छानबीन की लेकिन उन्हें वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद 2 जून को राजा रघुवंशी की लाश पहाड़ी के नीचे मिली। वहीं सोनम लापता थी। अब सोनम को गाजीपूर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अब आगे क्या करेंगे?

**राहुल गांधी का दावा है कि महाराष्ट्र जैसी चुनावी मैच फिक्सिंग बिहार में भी होगी। तो कांग्रेस के लिए ऐसे चुनाव में भाग लेने का क्या मतलब होगा, जिसके स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ना होने की सूचना उसके पास पहले से हो?**

राहुल गांधी का इल्जाम है कि महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का नतीजा धांधली से तय हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने (विभिन्न भाषाओं के) कई अखबारों में लेख लिख कर चुनावी धांधली के ब्लू प्रिंट का विवरण दिया है। उन्होंने उन पांच चरणों का जिक्र किया है, जिसके जरिए चुनावी धांधली हो रही है। ये चरण हैः चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति पर कब्जा, वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाता जोड़ना, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर बताना, चुनिंदा सीटों पर (जहां भाजपा कमजोर हो) बोगस वोटिंग कराना, और फिर सबूत को छिपा देना। कांग्रेस नेता का दावा है कि ऐसी मैच फिक्सिंग बिहार में, और उन सभी जगहों पर दोहराई जाएगी, जहां भाजपा हार रही होगी। तो फिर कांग्रेस को क्या करना चाहिए? ऐसे चुनाव में भाग लेने का क्या मतलब हो सकता है, जिसके बारे में उसे पहले से मालूम हो कि वहां सत्ता पक्ष को जिताने का इंतजाम पहले से कर रखा गया है? ऐसे में क्या उचित नहीं होगा कि कांग्रेस बिहार विधान सभा चुनाव के बहिष्कार का एलान करे? आखिर उसके भाग लेने से उन चुनावों को वैधता मिलेगी। देश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं, यह धारणा लगातार जनमत के बड़े हिस्से में गहराई है। खुद राहुल गांधी ने 2022 में भारत जोड़ो यात्रा पर निकलने से पहले उस अभियान का कारण यह बताया था कि देश में समान चुनावी धरातल और विपक्ष का फर्ज.निभाने की सामान्य परिस्थितियां नहीं रह गई हैं। मगर मुद्दा है कि उसके बाद कांग्रेस ने क्या किया? कर्नाटक विधान सभा चुनाव में जीत और लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद इन शिकायतों को अवकाश पर भेज दिया गया! महाराष्ट्र चुनाव के बाद से उन्हें पुनर्जीवित किया गया है। मगर इन बातों की क्या साख हो सकती है, अगर इल्जाम लगा रहे नेता के पास इस लोकतंत्र के जहर का मुकाबला करने की कोई सोच ना हो? अतः बेहतर होगा, गांधी ऐसी रणनीति भी बताएं। वरना उनकी बातों को हलकेपन से लिया जाएगा। उलटे लोग इसे संभावित हार का बहाना ढूंढने की कोशिश के रूप में देखेंगे।

# मजदूर, कर्मचारियों के पक्ष में हिंद मजदूर किसान पंचायत का दो दिवसीय सम्मेलन 22 से भदोही में

**कानपुर।** हिन्द मजदूर किसान पंचायत उत्तर प्रदेश की कार्य समिति के साथ ही उसका और प्रतिनिधि सम्मेलन भी आगामी 22 व 23 जून 2025 को भदौही आयोजित किया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर सारी तैयारी को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर को भी आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश के 300 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।



इस सम्मेलन के उद्देश्य की चर्चा करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने बताया कि यह सम्मेलन ऐसी स्थितियों में हो रहा है जब देश व प्रदेश में मजदूरों व उनके संगठनों की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो रही है। समुचा कामगार वर्ग हर क्षेत्र में निजी क्षेत्र की और बढ़ ही नहीं रहा है बल्कि कब्जा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और निगमों में यहां तक की न्यायालय व सरकारी कार्यालय अस्पताल और अन्य क्षेत्रों में आउट सोरसिंग के माध्यम से नियुक्तियां करते हुए नियमित पदों को समाप्त किया जा रहा है। अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुआकार राकेश मणि पांडे के मुताबिक सरकारी व गैर सरकारी विभागो में 10 वर्षों से कार्यरत आउट सोरसिंग कर्मचारियों को बिना कोई हितलाभ दिये, बिना कोई नोटिस दिये, बिना क्षतिपूर्ति दिये उनकी सेवाये समाप्त कर दी जाती हैं, जिससे वह अपने पारिवारिक अजीविका के लिए बदहाली में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में की गई घोषणा भी अब केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गई है।

श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी कहा कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत ऐसे किसी भी बन्द का समर्थन नहीं करती। जो देश के मजदूरों की गिरती स्थिति और आपसी खीचातान और संगठनों में वास्तविक तालमेल न होने का कारण हैं। उन्होंने कहा कि हिंद मजदूर किसान पंचायत मजदूर आन्दोलन को सशक्त बनाने और वास्तविक परिर्वतन के लिए उस हर अनिश्चित कालीन आन्दोलन व बन्द का समर्थन करती है, जो जार्ज फर्नांडिस के उद्देश्यों की पूर्ति करती है।

चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि 22 और 23 जून को आयोजित होने वाले प्रदेश के प्रतिनिधि सम्मेलन में मजदूरों की स्थिति ,सरकार द्वारा बनाये गये कानून नियमित व आवश्यक रूप से प्रति 05 वर्ष में वेतन पुनरीक्षण व पुरानी पेंशन बहाली और राष्ट्रीय वेतन आयोग एक सामान वेतन न्यूनतम रू0 21000/- देने और न्यूनतम व अनिवार्य पेंशन रू0 7500/- सभी कर्मचारियों को दिये जाने के लिए आन्दोलन की रूप रेखा तैयार करते हुए अगली रणनीति को अमली जामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष हसनैन अंसारी द्वारा 10 सदस्यसीय स्वागत समिति का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों के रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायेगी।

वरिष्ठ श्रमिक और मजदूर नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि इस सम्मेलन के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर को भी आमंत्रित किया गया है जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दीपक जायसवाल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अखबार, रेल, आंगनबाड़ी, इंजीनियरिंग, होटल, कालीन निमार्ता, कैमिकल, आटो इंजीनियरिंग, रोडवेज, पीडब्लूडी, जल निगम, टॉवर, कोरियर, अस्पताल, आपातकालीन सेवा, वन विभाग, आटो टैक्सी यूनियन, परिवहन विभाग और कृषि मजदूरों, निगम क्षेत्र व बिजली क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिनिधि भी रहेंगे। इसका समापन हिन्द मजदूर किसान पंचायत के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री मलगी करेंगे।

# छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस पे आरती कर दूल्हा दुल्हन शादी के बंधन में बंधे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सांगली महाराष्ट्र।** तासगांव के लेखक पत्रकार मिलिंद सुतार ने दी जानकारी अनुरूप शुक्रवार 06/06/2025 को तासगांव के प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय डी.वी. और दत्तात्रय कदम के पोते ए.सी.सी. सीमेंट के पूर्व वितरकअमोल कदम के पुत्र चिरंजीव अजिंक्य और तलेगांव दाभाड़े के जालिंदर जाधव की पुत्री चि सौ कां नमिता का शुभ विवाह समारोह सातारा-कोरेगांव रोड पर स्थित स्वराज मंगल कार्यालय में आयोजित किया गया था। विवाह समारोह बहुत भव्य था। मंच की सजावट और कार्यालय की साफ-सफाई बहुत अच्छी थी। हॉल में दूल्हा-दुल्हन का आगमन बहुत भव्य था। दूल्हे और दूल्हे के दोस्तों का नृत्य शानदार था। भोजन व्यवस्था बहुत अच्छी थी।



लेकिन सबसे रोमांचक और पहले कभी नहीं देखी गई चीज वहां देखने को मिली। छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर दूल्हा-दुल्हन द्वारा आराध्यदेवत छत्रपति शिवाजी महाराज की आरती कर महाराज का आशीर्वाद ले दूल्हा दुल्हन शादी के बंधन में बंधे। इसके लिए आयोजकों की प्रशंसा की जानी चाहिए। पूरे भारत के आराध्यदेवत छत्रपति शिवराय का नाम लेते ही मराठी लोगों की छाती फूल जाती है। यहां संबल की धुन पर शिवराय की आरती की गई और त्रिवार जयकारे लगाए गए। इससे माहौल शिवमय हो गया। उपस्थित लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मंगल अक्षत बहुत ही सुंदर और वास्तव में शुभ और शिवमय वातावरण में मनाया गया। उपस्थित सभी लोग एक अविस्मरणीय विवाह समारोह के साक्षी बनने के लिए भाग्यशाली थे। आराध्यदेवत छत्रपति शिवराय वर-वधू को आशीर्वाद दें और उन्हें अपनी अगली यात्रा में साथ चलने के लिए मार्गदर्शन करें। उपस्थित आमंत्रित सभी ने दूल्हा दुल्हन को शुभकामनाएं और बधाई दी।

## हर ग्राम में डॉ.अंकुश जाधव जैसे सामाजिक कार्यकर्ता हो तो युवाओं को निश्चित ही सही दिशा मिलेगी

**सांगली महाराष्ट्र।** तहसील कड़ेगाव ग्राम असद के डॉ. अंकुश जाधव जो कि भारत सरकार आयुष मंत्रालय के सहायक निदेशक के पद से सेवानिवृत्त है, वे मुंबई के सांगली बैंक के संचालक पद पर कार्य कर चुके हैं। वे एक प्रख्यात लेखक भी हैं उन्होंने अनेक पुस्तके लिखी हैं, उन की धर्मपत्नी डॉ.सौ. सुमित्रा जाधव भी प्रख्यात लेखिका हैं, उन्होंने भी अनेक पुस्तके लिखी हैं, और उनका डॉ. अंकुश जाधव के हर सामाजिक कार्य में साथ रहता हैं। डॉ. अंकुश जाधव जी की प्राथमिक शिक्षा असद ग्राम के जिला परिषद स्कूल से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई उन्होंने मुम्बई से की, उन के पिताजी एक स्वतन्त्रता सैनिक थे। उनके पिता स्वर्गीय ज्ञानदेव बालाजी जाधव उर्फ मामा एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिता ने डॉ. अंकुश जाधव में देशभक्ति की भावना भर दी थी। उनके एवं उनके परिवार ने पिता की याद में गांव की ग्राम पंचायत के सामने एक खूबसूरत पट्टिका (शीलाफळक) लगाई गई है। वे अपने नौकरी पेशे के चलते बाहर ही रहे लेकिन अपने गांव के प्रति जो लगाव था उसके लिए वे अपने नौकरी पेशे से सेवानिवृत्त होने पर ग्राम के संपर्क में आए और उन्होंने जहां से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की उस स्कूल के लिए काम करने का निर्णय लिया और स्कूल के कलर काम चित्रकला के माध्यम से छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए कलाकृति चित्रकारिता एवं कलर काम के लिए अपने खुशी से तीन लाख रुपए खर्च किया।



मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोनः**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# धर्मेन्द्र और अरबाज खान 27 साल बाद फिर एक साथ– 'मैंने प्यार किया फिर से' में करेंगे कमाल!

## 'प्यार किया तो डरना क्या' के बाद अब एक नई कहानी में नजर आएंगे दोनों सितारे





**मुंबई हलचल/संवददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र और अभिनेता-निर्माता अरबाज खान 27 साल बाद एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। ये जोड़ी नई हिंदी फिल्म 'मैंने प्यार किया फिर से' में दर्शकों के सामने एक नई कहानी लेकर आ रही है। दोनों इससे पहले 1998 की सुपरहिट फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' में साथ नजर आए थे। यह फिल्म एक पारिवारिक ड्रामा है जिसमें थ्रिलर का तड़का भी लगाया गया है। फिल्म के निर्माता हैं रोनी रॉड्रिग्स, जो पर्ल ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीएमडी और CifeBuster Mgzife Pvt. Ltd. के मालिक हैं। खास बात यह है कि फिल्म की कहानी और गीत खुद रोनी रॉड्रिग्स ने लिखे हैं, जो पुराने बॉलीवुड सिनेमा की क्लासिक परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। हाल ही में फिल्म का भव्य मुहूर्त मुंबई में संपन्न हुआ, जिसमें कई जाने-माने सितारे शामिल हुए। इस मौके पर जब उदित नारायण ने फिल्म का एक गीत लाइव गाया, तो माहौल भावनाओं और तालियों से गूंज उठा। गीत की मधुरता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और उपस्थित दर्शकों को बेहद पसंद आया। इवेंट की एंकरिंग अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एकता जैन ने की। इस खास अवसर पर निर्माता रोनी रॉड्रिग्स के जुड़वा बेटों चार्ल्स और कैडेन का 11 वां जन्मदिन भी मनाया गया, जिसने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए खास मेहमानों में राजपाल यादव, विद्या मालवड़े, गणेश आचार्य, कंगना शर्मा, सुधाकर शर्मा, विजय मडाये, चीता यज्ञेश शेट्टी, दीपक तिजोरी, ब्राइट आउटडोर मीडिया के योगेश लखानी और सोनू बग्गड़ प्रमुख थे। धर्मेन्द्र ने फिल्म की तारीफ करते हुए कहा, 'मैंने प्यार किया फिर से' एक तरह से मिक्स वेज है – हर स्वाद और हर रंग से भरपूर। रोनी रॉड्रिग्स और उनकी पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। 'प्यार किया तो डरना क्या' में अरबाज के साथ काम करने का अनुभव शानदार था और अब इस नई यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हूं।' अरबाज खान ने धर्मेन्द्र के साथ दोबारा काम करने पर कहा- धर्म जी के साथ फिर से काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वो खुद में एक संस्था हैं। हमारे बीच की यह यात्रा अब जैसे एक पूरा चक्र पूरा कर रही है। फिल्म की कहानी, किरदार और स्क्रिप्ट बेहद दिलचस्प है। रोनी रॉड्रिग्स के बेटे भी फिल्म का हिस्सा हैं, और यह अनुभव और भी खास बना देता है। पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं।

PBC Motiof Pictures Pvt. Ltd. के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं साबिर शेख, जबकि कीर्ति कदम सह-निर्माता हैं। निसार अख्तर ने पटकथा लिखी है, दिलीप सेन-समीर सेन हैं संगीतकार, नौशाद पारकर हैं सिनेमैटोग्राफर, मोहन बग्गड़ एक्शन डायरेक्टर, हिमांशु झुनझुनवाला कार्यकारी निर्माता और एकता जैन हैं कास्टिंग डायरेक्टर। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने जा रही है और इसे नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। अपने बेहतरीन कलाकारों, भावनात्मक कहानी और दिल छू लेने वाले संगीत के साथ 'मैंने प्यार किया फिर से' साल 2025 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बनने की ओर अग्रसर है।

# वर्ल्ड ओशियन डे 2025 पर समुद्री जीवन बचाने के लिए समुद्र तट सफाई अभियान आइबिस इंडिया ने चलाया





**मुंबई।** वर्ल्ड ओशियन डे 2025 के मौके पर आइबिस इंडिया ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देशभर में समुद्र तट सफाई अभियान शुरू किया। मुंबई, चेन्नई, गोवा और कोच्चि के 10 आइबिस होटलों ने स्थानीय एनजीओ के साथ मिलकर यह सफाई अभियान चलाया गया। मुंबई के जुहू कोलीवाड़ा समुद्र तट पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में 600 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और सिर्फ एक दिन में 500 किलो से ज्यादा कचरा इकट्ठा किया। इस साल की वैश्विक थीम 'वंडरः सस्टेनिंग व्हाट सस्टेंस अस' के अनुसार इस अभियान ने समुद्री जीवन और प्रकृति को बचाने के महत्व को दिखाया। गौरतलब है कि समुद्री जीवन और प्रकृति धरती पर सभी जीवों के जीवन का सहारा है। आइबिस के कई होटल समुद्र तटों और पानी के किनारे स्थित हैं, इसलिए वे समुद्र में होने वाले प्रदूषण को सीधे महसूस करते हैं। सफाई अभियान से न केवल नुकसानदायक कचरा हटाया गया, बल्कि स्थानीय लोगों को समुद्र की सफाई के बारे में जागरूक भी किया गया। यह समंदरों की सेहत सुधारने के बड़े प्रयासों में भी मददगार रहा। आइबिस और आइबिस स्टाइल्स इंडिया के ऑपरेशन्स डायरेक्टर तेजस जोस ने कहा, आइबिस में पर्यावरण की देखभाल सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि हमारे ब्रांड का हिस्सा है। यह सफाई अभियान सिर्फ कचरा हटाने के लिए नहीं था, बल्कि समुद्री जीवन को बचाने और लोगों को स्थायी बदलाव की ओर प्रेरित करने का एक अहम कदम था। हम मानते हैं कि होटल इंडस्ट्री भी समाज में अच्छा बदलाव ला सकती है और यह बदलाव लाना भी चाहिए। सफाई अभियान के साथ-साथ आइबिस होटलों ने समुद्री प्रदूषण पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए। उन्होंने स्कूल के बच्चों, मछुआरों और पर्यटकों के साथ मिलकर इंटरैक्टिव और शैक्षिक गतिविधियाँ कीं, ताकि लोग लंबे समय तक पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार व्यवहार अपनाएं।

# प्रो.रविकिरण जाधव के (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ अंकुश जाधव ने सम्मानित कर दी शुभकामनाएं



**मुंबई हलचल/संवददाता**

**सांगली महाराष्ट्र।** तहसील कड़ेगाव ग्राम असद के निवासी भारत सरकार आयुष मंत्रालय से सेवानिवृत्त सहायक निदेशक एवं प्रख्यात लेखक डॉ. अंकुश जाधव जो कि अपने ग्राम वासियों से विशेष लगाव रखने वाले, युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करते हैं, ग्राम के पाठ शाळा के रंगरोगन कलर के काम के लिए डेढ़ से दो लाख रुपए खर्च किए थे, आज उन्होंने असद के निवासी धोंडीराम जाधव के बेटे रविकिरण जाधव के भारती विश्वविद्यालय से विज्ञान संकाय के अंतर्गत बायोटेक्नोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक एवं प्रख्यात लेखक डॉ. अंकुश जाधव ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं उन की लिखित पुस्तकें भेट देकर बधाई दी। उन्होंने सचिन जाधव एवं अजिंक्य (गुंडा) को भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तांता मुक्ति के अध्यक्ष सुरेश जाधव, उद्धव जाधव, संपतराव देशमुख डेयरी सचिव संदीप पाटिल, हनुमंत जाधव अविनाश जाधव एवं मुकुंद जाधव उपस्थित थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 3 चरणों में होंगे निकाय चुनाव

दूसरे चरण में विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र और मराठवाड़ा की योजना बनाई जा रही है और तीसरे चरण में मुंबई, ठाणे और कोंकण में मतदान होगा। चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे के अनुसार प्रशासनिक और राजनीतिक योजना के अनुसार 3 चरणों में चुनाव कराने की योजना बनाई जा रही है। प्रदेश में 29 मनपा, 257 नगर पालिकाओं, 26 जिला परिषदों और 288 पंचायत समितियों के लिए ये चुनाव अक्टूबर महीने में कराए जा सकते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की बढ़ी चिंता

अब तक 16 मरीज ठीक हो चुके हैं। राज्य में फिलहाल कुल 597 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से 548 मरीज पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। जनवरी से अब तक मुंबई में कुल 575 मरीज पाए गए हैं। पिछले 24 घंटों में जिन जिलों में मरीज मिले हैं, उनमें मुंबई और पुणे (34-34), पिंपरी-चिंचवाड़ (10), पुणे ग्रामीण और ठाणे (4-4), सांगली और छत्रपति संभाजीनगर (3-3), कल्याण (2), साथ ही वसई-विरार, सतारा, नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम क्षेत्रों में 1-1 मरीज शामिल हैं।

### मानसून सत्र का इंतजार

चार देशों की यात्रा से लौटने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने कहा कि उनकी पार्टी का रुख यह है कि इस पर बहस की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। उन्होंने कहा, जब संसद का मानसून सत्र शुरू होगा, तो हम पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार से सवाल पूछेंगे। सरकार ने आतंकवाद को पाकिस्तान की ओर से निरंतर समर्थन और 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत की प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए कई देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे थे।

### सोनम निकली बेवफा

पुलिस को शक है कि इसमें सोनम का हाथ हो सकता है। इंदौर के राजा रघुवंशी की शादी 11 मई को सोनम रघुवंशी से हुए थी। दोनों मनीमून मनाने के लिए मेघालय गए थे। यहां शादी शुदा जोड़ा अचानक गायब हो गया था। इसके बाद राजा रघुवंशी का शव पहाड़ी के नीचे मिला था। वहीं सोनम लापता थी। मेघायल पुलिस 18 दिन से लगातार सोनम की तलाश में जुटी थी। डीजीपी नोंग्रांग ने सोनम की गिरफ्तारी के बाद कहा कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया, जबकि दो अन्य लोगों को एसआईटी ने इंदौर से पकड़ा। उन्होंने आगे कहा कि सोनम ने उत्तर प्रदेश के नंदगंज पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण किया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### थलसेना अध्यक्ष द्विवेदी ने बाबा के दर्शन किए



**रुद्रप्रयाग।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### बस-कार की हुई भिड़ंत कई लोग घायल हुए



**ऋषिकेश।** कौडियाला के पास रविवार को दो वाहन हादसे का शिकार हो गए। अलसुबह दिल्ली से गोपेश्वर जा रही रोडवेज बस और हरियाणा के यात्रियों की कार की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब पांच बजे की है। बस कौडियाला से होते हुए गोपेश्वर जा रही थी।

### 27 लाख के सोना चोरी में बैंककर्मी पकड़ा गया



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक बैंक कर्मचारी को ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गए 27 लाख रुपए मूल्य के सोने की चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शिवाजी नगर पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि निजी बैंक में काम करने वाले सचिन अरुण कलान को विश्वासघात और अन्य धाराओं में छह जून को गिरफ्तार किया गया।

### वांछित गोगी गिरोह का बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## डीएमके को सत्ता से करेंगे बेदखल, शाह का स्टालिन सरकार पर हमला

# तमिलनाडु के लोग द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके: शाह

**तमिलनाडु सरकार के गिनाए भ्रष्टाचार के मामले, कहा- जनता खुद करेगी एक-एक हिसाब**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

### शाह ने दावा किया- अगले साल बनेगी भाजपा की सरकार




**भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है जनता**

तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। मदुरै दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टालिन सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2026 में यहां भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं, लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी। उन्होंने दावा किया कि साल 2026 के चुनाव में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी।

**पीएम मोदी का विजन है समृद्ध और खुशहाल तमिलनाडु**

अमित शाह ने मदुरै में आयोजित भाजपा की राज्य कोर कमेटी की बैठक में डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार के व्यापक भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है।शाह ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के विकसित और समृद्ध तमिलनाडु के विजन को लेकर हर गांव, गली और घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भाजपा राज्य में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

अमित शाह ने अपने तमिलनाडु दौरे के दौरान मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने लिखा, सशक्त महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। मोदी सरकार के लिए मां और मातृभूमि से बढ़कर कुछ नहीं है। उज्ज्वला योजना, ट्रिपल तलाक पर रोक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती जैसे कदम ऐतिहासिक हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले 11 वर्षों में, एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर मुद्रा लोन और पीएम आवास योजना तक, सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की हैं।

### मीनाक्षी मंदिर में शाह का किया गया पारंपरिक तरीके से स्वागत

**चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा**

राज्य में पार्टी संगठन को सक्रिय करने और जनता के बीच पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा अब तेजी से बूथ स्तर पर काम शुरू कर चुकी है। अमित शाह की इस यात्रा को तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी तैयारियों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

इससे पहले दिन में शाह ने यहां मीनाक्षी मंदिर में प्रार्थना की और मंदिर के पुजारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शाह के आगमन पर उनका मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने स्वागत किया। पुजारी ने मंत्री को भगवा शॉल भेंट की और उन्हें आध्यात्मिक पुस्तकें दीं। बाद में मंदिर के पुजारियों ने उनका औपचारिक स्वागत किया। शाह ने नैनार नागेंद्रन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन और अन्य भाजपा नेताओं के साथ प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर में प्रार्थना की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मदुरै में



प्रतिष्ठित मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। राष्ट्र की निरंतर प्रगति और हमारे नागरिकों की भलाई के लिए मां का आशीर्वाद मांगा और प्रार्थना की। पुजारी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से कच्चातिवु द्वीप को पुनः प्राप्त करने और मछुआरों की परेशानियों को समाप्त करने के लिए एक स्थायी समाधान तलाशने की अपील की। उन्होंने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण की भी वकालत की। शाह 7 जून को रात 10.30 बजे यहां पहुंचे और उनका स्वागत तमिलिसाई सौंदरराजन, रामा श्रीनिवासन समेत भाजपा नेताओं और अन्नाद्रमुक नेता आरबी उदयकुमार और सेल्लूर के राजू ने किया।

## ट्रंप से मस्क की तनातनी; फडणवीस को लग सकता है झटका, महाराष्ट्र निवेश पर पड़ेगा असर



**मुंबई।** महाराष्ट्र को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के प्रयासों में जुटे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला के मालिक एलन मस्क से ढेरों उम्मीदें लगाए बैठे हैं। क्योंकि मस्क ने भारत में खासकर महाराष्ट्र में निवेश में दिलचस्पी दर्शाई है।

मस्क की कंपनी टेस्ली की भारत में एंट्री की तैयारी जोरशोर से चल रही है। कंपनी ने मुंबई के बीकेसी में अपना कार्यालय खोलने तथा सातारा में प्रोडक्शन का काम शुरू करने का निर्णय लिया है। लेकिन इसी बीच 'वन बिग ब्यूटीफुल' बिल के दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे बड़े उद्योगपति एलन मस्क के बीच तल्खी बढ़ने लगी है। इस वजह से फडणवीस के प्रयासों को झटका लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। टेस्ला भारतीय ईवी बाजार में प्रवेश करने के लिए महाराष्ट्र के सतारा में सीकेडी असेंबली प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य एक पूर्णतया नॉक्ड डाउन (सीकेडी) इकाई संयंत्र स्थापित करना है, जो विभिन्न स्थानों से भेजे गए घटकों से वाहनों को असेंबल करेगा। रिपोर्टों के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार मेकर ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोलने के लिए एक लीज पर डील के हस्ताक्षर कर लिए हैं। भारत में टेस्ला का पहला शोरूम बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के मेकर मैक्सिटी बिल्डिंग में खुलेगा। इसके लिए टेस्ला ने 16 फरवरी 2025 से 5 साल के लीज साइन किया है, जिसमें पहले साल तक 372 वर्ग मीटर की जगह के लिए 38,872,030 तक का किराया दिया जाएगा। यह जगह एक बास्केटबॉल कोर्ट के आकार जितनी बड़ी है। इसके अतिरिक्त, टेस्ला भारत में विभिन्न कार्यों में 30 से अधिक पदों के लिए सक्रिय रूप से भर्ती कर रही है, जो एक मजबूत बाजार उपस्थिति के लिए अपनी प्रतिबद्धता का संकेत देता है।


**ट्रंप कर रहे हैं विरोध**

मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी अपनी कंपनियों के जरिए वैश्विक स्तर पर अपना कारोबार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत, चीन, यूरोप जैसे बड़े बाजारों में उनकी कंपनी का विस्तार चल रहा है। लेकिन कड़े राष्ट्रवादी रुख और अमेरिका फर्स्ट नीति वाले ट्रंप बाधा डाल रहे हैं।

## चिराग पासवान का बड़ा ऐलान

### एनडीए की 'मजबूती' के लिए मेरी पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी

मुंबई हलचल / भोजपुर



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

## गुजरात में हादसों का रविवार

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में 5 लोगों की हुई मौत,कई घायल

मुंबई हलचल / अहमदाबाद



गुजरात में रविवार को अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, अन्य तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्रनगर और अमरेली जिलों में ये सड़क घटनाएं हुई हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों लोग कस्बे की ओर लौट रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एक चालक को हिरासत में लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं, एक अन्य घटना दुर्घटना में शनिवार रात अमरेली जिले के सावरकुंडला-महुवा रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक महिला और एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

## राजस्थान में गुर्जर समाज ने किया प्रदर्शन

### महापंचायत खत्म होने के बावजूद भी विरोध पर अड़े, 2 घंटे बाद ट्रैक से हटे

मुंबई हलचल / भरतपुर

राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और कोटा-मथुरा पैसेंजर को रोक दिया। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे (4.30 से 6.30 बजे) तक जाम किया। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की थी। मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम साढ़े 6 बजे ट्रैक को खाली कराया। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर था। आरक्षण समेत कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था।

**आरक्षण के मसौदे का विरोध**

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। इससे बाद कई लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया। नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था। गुर्जर समाज की ओर से सरकार को रविवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था।



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा था- कुछ लोग इस बात पर अड़े हुए हैं कि हम सरकार के खिलाफ ही रहेंगे और बोलेंगे। लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब सरकार बिना किसी महापंचायत और आंदोलन के टेबल पर बात करने के लिए तैयार है तो महापंचायत क्यों?

# सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अलग-अलग देशों के वरिष्ठ नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से यूरोपीय संघ, फ्रांस और बेल्जियम के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने और विविध क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे 8 से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे। जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।

**विदेश मंत्री फ्रांस हुए रवाना , 14 जून तक रहेंगे दौरे पर**




फाइल फोटो

**भारत बेल्जियम के संबंध मजबूत होंगे**

**भारत और बेल्जियम के आर्थिक साझेदारी से संबंध मजबूत होंगे**

मंत्रालय ने कहा कि भारत और बेल्जियम बहुत मजबूत आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल, हीरा क्षेत्र और लोगों के बीच मजबूत संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है।

**यूरोपियन के नेताओं से करेंगे मुलाकात**

*विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूरोप के दौरे पर रवाना हो रहे हैं, जहां वे सबसे पहले फ्रांस पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी यूरोपियन यूनियन के नेताओं के साथ मुलाकात होगी और वे बेल्जियम भी जाएंगे। यह दौरा 14 जून तक चलेगा विदेश मंत्रालय के मुताबिक विदेश मंत्री यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ एक रणनीतिक वार्ता करेंगे और थिंक टैंक और मीडिया के साथ बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ जुड़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम की यात्रा के दौरान वहां के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ द्विपक्षीय परामर्श करेंगे। वे बेल्जियम के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे।*

**ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे जयशंकर**

मामले में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 'विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे।

# बेमौसम बारिश से किसानों पर पड़ी मार, मार्केट में नहीं मिल रहा फसलों का सही दाम

**गड़चिरोली।** जिले में मुख्य फसल धान है। खरीफ से साथ ही अब जिले के किसान रब्बी सीजन की धूपकालिन धान फसलें भी ले रहे है। लेकिन मौसम की मार, लागत खर्च में बढोती तथा इसकी तुलना में उपज को कम दाम इससे अन्नदाता मायुस है। बिते दिनों बेमौसम बारिश के कारण धान फसलों का व्यापक नुकसान हुआ। अनेक किसान अपने धान उपज को सुखाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे है।सड़कों पर धान उपज डालकर किसान उपज को सुखाने में लगे है। इसी बिच अपेक्षित उत्पादन में कमी तथा अपेक्षित भाव नहीं होने से किसानों में निराशा है।

जिले में नदी, नाले, कुए, तालाब, बोरवेल आदि के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए किसान रब्बी सीजन की धूपकालिन धान फसले ले रहे है। लेकिन इस वर्ष धान फसल अंतिम चरण में थी। ऐसे में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों का व्यापक नुकसान किया है। इस नुकसान की मार झेहते हुए किसानों के हाथ



कुछ उपज आयी है। यह उपज बेचकर लागत खर्च निकालने का प्रयास किसान कर रहे है। आरमोरी तहसील के अनेक किसानों ने रब्बी सीजन की धान फसले बोई। इस दौरान फसलों की हार्वेस्टर से कटाई कर उत्पादित उपज को सुखाने के लिए जद्दोजहद कर रहे है। खेतों में नमी होने के कारण किसानों द्वारा धान उपज को खाली सड़कों पर सुखाने के लिए रखा जा रहा है। आरमोरी शहर समितपस्य अरसोडा गांव के विस्तिर्ण सड़क पर अनेक किसान उपज को सुखाते दिखाई दे रहे है। इस दौरान परिसर के किसान बारि-बारि से धान उपज को सुखा रहे है। इस बिच आसमान में अचानक बादल छाने से किसान उपज को समेटने में लग जाते है। इस जद्दोजहद में किसानों को भारी परेशानी हो रही है।

**हार्वेटर की कटाई 3500 हजार प्रति घंटा**

धूपकालिन धान फसलों में यात्रिकीकरण को अधिक बढावा दिया जाता है। जिसके तहत हार्वेस्टर से धान कटाई कर शिघ्र उपज निकाली जाती है। ऐसे में हार्वेस्टर मालिक द्वारा धान कटाई प्रतिघंटा 3 हजार 500 रुपए लेते है। ऐसे में बेमौसम बारिश के चलते फसलों की स्थिती नाजूक होने से किसान 1 एकड की कटाई करने में 3 घंटे का समय लगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# वेस्कोआ ने बी.आर्क, एम.आर्क और डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए शुरू किया प्रवेश

**मुंबई।** वास्तुकला शिक्षा में मुंबई के अग्रणी संस्थानों में से एक विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी के कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (वेस्कोआ) को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इसके बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क), मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर (एम.आर्क), डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर और डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन कार्यक्रमों में प्रवेश अब खुल गए हैं। सात वर्षों में VESCOA ने अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मक अन्वेषण और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिष्ठा बनाई है। डिजाइन सोच, तकनीकी नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव में निहित पाठ्यक्रम के साथ कॉलेज छात्रों को आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ निर्मित पर्यावरण की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार करता है। काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (COA) और मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध VESCOA भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को पोषित करने के लिए व्यावहारिक शिक्षा के साथ अकादमिक कठोरता को एकीकृत करता है। पांच वर्षीय बी.आर्क कार्यक्रम वास्तुशिल्प डिजाइन, नियोजन और निर्माण में व्यापक शिक्षा प्रदान करता है। यह स्टूडियो-आधारित परियोजनाओं को फील्डवर्क और अंतःविषयक शिक्षा के साथ जोड़ता है ताकि तकनीकी और रचनात्मक दोनों तरह की योग्यताएं विकसित की जा सकें। एम.आर्क कार्यक्रम अनुसंधान और विशेषज्ञता के लिए एक उन्नत मंच प्रदान करता है, जो छात्रों को वास्तुकला और शहरी विकास में महत्वपूर्ण मुद्दों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस बीच डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर और डिप्लोमा इन इंटीरियर डिज़ाइन और डेकोरेशन प्रोग्राम उन छात्रों के लिए एक व्यावहारिक, कौशल-केंद्रित मार्ग प्रदान करता है, जो डिज़ाइन और निर्माण विधियों की एक मजबूत आधारभूत समझ के साथ वास्तुकला के क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते हैं। नए प्रवेश चरण के शुभारंभ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए VESCOA के प्रिंसिपल डॉ. प्रो. आनंद अचारी ने कहा कि VESCOA में हमारा मानना है कि वास्तुकला केवल इमारतों के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन, समुदायों और भविष्य को आकार देने के बारे में है। हमारे कार्यक्रम छात्रों को विचारशील और अभिनव पेशेवर बनने के लिए चुनौती देने, प्रेरित करने और सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। VESCOA की मजबूत शैक्षणिक संस्कृति अनुभवी संकाय, अच्छी तरह से सुसज्जित स्टूडियो, डिजिटल लैब और सह-पाठ्यचर्या और उद्योग से जुड़ी पहलों की एक श्रृंखला द्वारा समर्थित है। कॉलेज एक जीवंत शिक्षण वातावरण बनाए रखता है जो रचनात्मकता, सहयोग और नेतृत्व को बढ़ावा देता है। वास्तुकला और निर्माण उद्योगों में सक्रिय पूर्व छात्रों की भागीदारी और भागीदारी के साथ VESCOA मजबूत प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करता है, जिसमें छात्रों को भारत और विदेशों में अग्रणी वास्तुकला फर्मों और डिज़ाइन स्टूडियो में अवसर मिलते हैं। बी.आर्क, एम.आर्क और डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए प्रवेश शैक्षणिक योग्यता और प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर नियमों के अनुसार दिए जाते हैं। 16 जुलाई, 2025 तक https://vescoa.ves.ac.in/ पर आवेदन करें।

### अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर व्यापार वार्ता

# अमेरिका से ट्रेड वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत: कृषि मंत्री

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री चौहान एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है।



### इन उत्पादों का निर्यात

*अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।*

### 0 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात

नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

### बेहतर बाजार पहुंच की मांग

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पेट की इंफैक्शन के लिए इस्तेमाल करें करी पत्ता



भोजन में फ्लेवर लाने के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। यह खाने का स्वाद ही नहीं बल्कि खुश्बू भी बढ़ाता है। शुगर और वजन को कंट्रोल रखने जैसे औषधीय गुणों के साथ-साथ इसमें और भी बहुत सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए बेहद लाभकारी हैं। खाली पेट करी पत्ता को गर्म पानी के साथ खाने से पेट की सारी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। जानें इसके फायदे

**1. पेट की बीमारियां दूर**
करी पत्ता एंटी- बैक्टीरियल की तरह काम करता है जिसकी वजह से पेट की सारी समस्याएं दूर हो जाती है। लगातार कब्ज की परेशानी से जूझ रहे हैं तो रोजाना सुबह करी पत्ते का सेवन करना शुरू कर दें।

**2. संक्रमण से बचाव**
करी पत्ते में एंटी ऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण पाए जाते हैं। जो त्वचा को कई तरह के इंफेक्शन से बचाए रखते हैं।

**3. आंखों के लिए गुणकारी**
इसमें विटामिन अ पाया जाता है जो आंखों के लिए बहुत ही जरुरी है। इस विटामिन की कमी से रतौंधी रोग हो जाता है जिससे आंखों की रोशनी भी कम हो जाती है। खाली पेट करी पत्ते का सेवन करने से आंखों की रोशनी तेज होती है।

**4. सूजन से छुटकारा**
करी पत्ते को खाने में शामिल करने से शरीर में सूजन की परेशानी दूर हो जाती है। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

**5. कैंसर से बचाव**
करी पत्ते में मौजूद फेनोल्स ल्यूकेमिया, प्रोस्टेट कैंसर और कोलोरेक्टल आदि से बचाव करता है। इसका सेवन करने से कैंसर से बचाव रहता है।

# चेहरे पर पड़े ब्राउन स्पॉट को इन कारगार तरीकों से कहें

चेहरे के ब्राउन स्पॉट के लिए उम्र का बढ़ना, विटामिन्स की कमी, तनाव, सूरज की अल्ट्रावायलेट और हाइपर पिगमेंटेशन जैसे कारण जिम्मेदार होते हैं। यह धब्बे चेहरे पर, गर्दन पर, सीने पर, कंधे पर, हाथ पर दिखाई देते हैं। इसके कारण आपकी खूबसूरती फीकी पड़ जाती है। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट यूज करते भी हैं लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि, आप कुछ घरेलू नुस्खो से भी चेहरे के ब्राउन स्पॉट से निजात पा सकते हैं, वो भी बिना किसी साइड इफैक्ट के।



## ब्राउन स्पॉट के घरेलू तरीके

**1. चंदन स्क्रब**
ब्राउन स्पॉट से छुटकारा पाने के लिए घरेलू स्क्रब भी काफी फायदेमंद होता है। होममेड स्क्रब बनाने के लिए 1 कप चंदन पाउडर, 1/2 कप ओट्मील, दूध और गुलाब जल को मिक्स कर लें। अब हफ्ते में 3 बार उस जगह पर स्क्रब करें, जहां पर स्पॉट है। धीरे-धीरे निशान गायब हो जाएंगे।

**2. स्ट्रॉबेरी और खुबानी**
स्ट्रॉबेरी और खुबानी का पल्प अच्छी तरह मैश करके मिक्स कर लें। अब इस रोज ब्राउन स्पॉट पर लगाएं। 10 मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोएं। आपको कुछ समय में ही फर्क दिखाई देगा।

**3. बटरमिल्क**
इनसे छुटकारा पाने के लिए 4 टीस्पून बटरमिल्क में 2 टीस्पून टमाटर का रस मिलाकर लगाएं। इसके नियमित इस्तेमाल से स्किन के डार्क स्पॉट ही नहीं, एज स्पॉट भी खत्म हो जाएंगे।

**4. मूली**
मूली का रस भी चेहरे के ब्राउन स्पॉट को जड़ से खत्म करने के लिए बेहद असरदार है। इसे 10 मिनट लगाने के बाद चेहरे को धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से आपको कुछ समय में ही फर्क दिखाई देगा।

**5. पीली सरसों**
चेहरे के ब्राउन स्पॉट पर पीली सरसों का लेप लगाने से आपको इससे निजात मिल जाएगी। इस लेप को बनाने के लिए पीली सरसों को पीसकर इसमें दूध मिक्स करें। इसे 20 मिनट तक स्पॉट पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें।

**6. लहसुन और प्याज का रस**
डार्क स्पॉट पर 1 टीस्पनू पीसा हुआ लहसुन और प्याज का रस मिक्स करके लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगाए रखे और फिर चेहरा धो लें। इस मिश्रण का नियमित इस्तेमाल ब्राउन स्पॉट को जड़ से खत्म कर देगा।

**7. नींबू का रस**
चेहरे के किसी भी दाग-धब्बे से छुटकारा पाने के लिए नींबू का रस बेहद फायदेमंद है। नींबू के रस को कॉटन की मदद से स्पॉट वाली जगह पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरा साफ करे

# कैंसर के बाद सबसे गंभीर बीमारी लिवर सोरायसिस, गिरफ्त में 1 करोड़ लोग

लिवर शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। लिवर में होने वाली सोरायसिस की बीमारी कैंसर के बाद सबसे भयंकर है जिसका अंतिम इलाज लिवर प्रत्यारोपण है। आज विकासशील देशों में करीब 1 करोड़ लोग इस बीमारी की गिरफ्त में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) की रिपोर्ट के अनुसार लिवर सोरायसिस के 20 से 50 प्रतिशत मामले शराब के अधिक सेवन से देखने को मिले हैं। समय रहते इलाज नहीं होने पर लिवर काम करना बंद कर देता है और यह स्थिति जानलेवा होती है। पाकिस्तान के लाहौर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसेज के कुलपति प्रो. डा. जावेद अकरम ने बताया कि वायरल इंफैक्शन-हैपेटाइटिस-सी और बी लिवर सोरायसिस की मुख्य वजहों में से एक है। यह संक्रमण पाकिस्तान, भारत एवं बंगलादेश समेत विकासशील देशों में बहुत आम हो गया है। यह संक्रमण अस्पतालों के कुछ मामूली उपकरणों के उचित रख-रखाव एवं सफाई की कमी और प्रयोग में लाई गई सिरिंज आदि के दोबारा उपयोग करने से होता है।

## बीमारी के कारण

इस रोग की चपेट में आने से सूजन के कारण बड़े पैमाने पर लिवर की कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और उनकी जगह फाइबर तंतु ले लेते हैं। इसके अलावा लिवर की बनावट भी असामान्य हो जाती है और इससे पोर्टल हाइपरटैंशन की स्थिति पैदा हो जाती है।

**शराब का सेवन** : शराब का अत्यधिक मात्रा में सेवन के अलावा हैपेटाइटिस-बी और वायरल-सी का संक्रमण होने पर भी इस बीमारी का हमला हो सकता है। इस दौरान रुधिर में लौह तत्व की मात्रा बढ़ जाती है और लिवर में वसा जमा हो जाने से यह धीरे-धीरे नष्ट होने लगता है।

**डायबिटीज और मोटापा** : इसके साथ ही मोटापा और मधुमेह इस बीमारी के प्रमुख कारण हैं। लिवर सोरायसिस में पेट में एक द्रव्य बन जाता है और यह स्थिति रक्त और द्रव्य में प्रोटीन और एल्बुमिन का स्तर बने रहने की वजह से निर्मित होती है। लिवर के बढ़ने से पेट मोटा हो जाता है और इसमें दर्द भी शुरू हो जाती है।

## सोरायसिस के लक्षण 3 स्तर पर सामने आते हैं

**पहली अवस्था** - शुरूआती स्तर में व्यक्ति को अनावश्यक थकावट महसूस होती है। साथ ही, उसका वजन भी बेवजह काम कम होने लगता। इसके अलावा पाचन संबंधी समस्याएं सामने आती हैं।

**दूसरा अवस्था** - इस बीमारी के दूसरे चरण में व्यक्ति को अचानक चक्कर आने लगता है और उल्टियां होने लगती हैं। उसे भूख नहीं लगती है और बुखार जैसे लक्षण होते हैं।

**तीसरी एवं अंतिम अवस्था** - इस अवस्था में मरीज को उल्टियों के साथ खून आता है और वह बेहोश हो जाता है। इस बीमारी में दवाओं का कोई असर नहीं होता। प्रत्यारोपण ही एकमात्र उपचार है।

## लिवर सोरायसिस के लक्षण

लिवर के रोगग्रस्त होने के मुख्य लक्षण त्वचा की रंगत का गायब होना और आंखों के रंग का पीला होना है। ऐसा खून में बिलीरूबिन (एक पित्त वर्णक) का स्तर अधिक होने से होता है जिसकी वजह से शरीर से व्यर्थ पदार्थ बाहर नहीं निकल पाता है।

## करीब 1 करोड़ लोग इसकी गिरफ्त में

अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति इस वायरल से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आता है तो वह भी इससे संक्रमित हो सकता है। प्रो. अकरम ने कहा कि शराब भी इस बीमारी के मुख्य कारणों में से एक है। लंबे समय से शराब के अधिक सेवन से लिवर में सूजन पैदा हो जाती है जो इस बीमारी का कारण बन सकती है लेकिन जो व्यक्ति शराब को हाथ तक नहीं लगाता, वह भी इस बीमारी की चपेट में आ सकता है। इसे नैश सोरायसिस यानी नॉन-एल्कोहलिक सिएटो हैपेटाइटिस से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सोरायसिस का अंतिम उपचार लिवर प्रत्यारोपण है। इसकी सफलता की दर करीब 75 प्रतिशत है जिसे अच्छा माना जाता है। परिवार के किसी भी सदस्य के जिगर का छोटा-सा हिस्सा लेकर मरीज के लिवर में प्रत्यारोपित किया जाता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# बादशाह के बयान ने मचाया बवाल

**पॉपुलर** रैपर और सिंगर बादशाह इस समय अपने किसी गाने को लेकर नहीं, बल्कि एक आपत्तिजनक कमेंट के चलते सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने इंटरनेशनल सिंगर दुआ लिपा को लेकर एक ऐसी टिप्पणी कर दी, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई। इस बयान के बाद उन्हें न सिर्फ ट्रोल किया गया, बल्कि कई लोगों ने इसे बेहद आपत्तिजनक और अशोभनीय करार दिया। दरअसल, बादशाह ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं दुआ लिपा के साथ बच्चे पैदा करना चाहूंगा, भाई। इस कमेंट ने फैंस को हैरान कर दिया और लोगों ने इसे बदतमीजी और निजी मयार्दा के उल्लंघन करना कहा है। कुछ यूजर्स ने इसे महिलाओं के प्रति असम्मानजनक बताया और बादशाह से माफी की मांग की। हालात बिगड़ते देख बादशाह ने अगले दिन एक सफाई पोस्ट की। उन्होंने लिखा, अगर कोई महिला वाकई आपकी प्रशंसा की पात्र है, तो उसकी तारीफ इस तरह भी की जा सकती है कि वह आपके बच्चे की मां बनने लायक है। इससे बड़ी तारीफ किसी औरत के लिए क्या होगी? हालांकि उनकी यह सफाई भी लोगों को रास नहीं आई और सोशल मीडिया पर उन्हें और भी ज्यादा ट्रोल किया गया। इस पूरे विवाद में अब रैपर हनी सिंह भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने बादशाह की सफाई पर कटाक्ष करते हुए एक पोस्ट पर कमेंट किया, जीनियस जिससे साफ है कि वह इस बयान का मजाक उड़ा रहे थे। आपको बता दें कि हनी सिंह और बादशाह के रिश्ते पहले भी कॉम्प्लिकेटेड रहे हैं। इससे पहले बादशाह ने 6 जून को एक पोस्ट में सिर्फ दुआ लिपा लिखा था, जिससे फैंस में कयास लगने लगे कि क्या वह दुआ लिपा के साथ किसी नए म्यूजिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। लेकिन जब एक फैन ने इस पर सवाल किया, तो बादशाह का जवाब बेहद चौंकाने वाला निकला।

# अस्पताल में भर्ती हुई सना मकबूल

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस और बिग बॉस ओटीटी 3 की विनर सना मकबूल इन दिनों अपनी हेल्थ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबर सामने आई है कि सना की तबीयत बिगड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फैंस उनकी तबीयत को लेकर चिंतित हैं, वहीं एक्ट्रेस की करीबी दोस्त ने अस्पताल से एक तस्वीर शेयर कर उनकी हेल्थ अपडेट दी है। दरअसल, सना की करीबी दोस्त आशना ने उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए फैंस को इस बारे में जानकारी दी। इस तस्वीर में सना अस्पताल के बेड पर बैठी दिखाई दे रही हैं और उनके हाथ में ड्रिप लगी हुई है। इस इमोशनल पोस्ट में आशना ने लिखा, मेरी मजबूत दीवा, तुम पर बहुत गर्व है कि तुम इतनी गंभीर स्थिति से इतनी मजबूती से लड़ रही हो। इंशाल्लाह तुम जल्दी ठीक होकर और भी मजबूत बनकर वापस आओगी। मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं। सूत्रों के अनुसार, सना मकबूल पिछले कुछ सालों से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस नामक बीमारी से पीड़ित हैं। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की इम्यून सिस्टम गलती से अपने ही लीवर पर हमला करने लगती है। इससे लीवर में सूजन, जलन और धीरे-धीरे डैमेज होने की संभावना रहती है। यही कारण है कि सना को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। आपको बता दें, सना का करियर भी काफी शानदार रहा है। उनका जन्म 13 जून 1993 को मुंबई में हुआ था। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत 2011 में टीवी सीरियल इस प्यार को क्या नाम दूं से की थी। इस शो में उन्होंने लावण्या की भूमिका निभाई थी, जिससे उन्हें एक अलग पहचान मिली।








ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014
G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)